भिलाई हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 14 मार्च 2020
haribhoomi.com

अंतरमहाविद्यालयीन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में दीपक, प्रकाश और श्रेया रहे विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के निर्देशन में संविधान की 70 वीं वर्षगांठ पर सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में प्राचार्य डीआर भावनानी के मार्गदर्शन में संविधान पर केन्द्रित अंर्तमहाविद्यालयीन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय हुडको, भिलाई महिला महाविद्यालय हास्पिटल सेक्टर, श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी, शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव, कल्याण पीजी महाविद्यालय भिलाई, शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय दल्लीराजहरा, शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग, शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद, शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग, सेठ बद्रीलाल खंडेलवाल शिक्षा महाविद्यालय दुर्ग, डॉ.खूबचंद बघेल शासकीय पीजी महाविद्यालय भिलाई-3, सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय दुर्ग, शासकीय नागरिक कल्याण महाविद्यालय नंदिनीनगर अहिवारा, शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय राजनांदगांव तथा चंदूलाल चंद्राकर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय धमधा आदि से तीन प्रतिभागियों ने भाग लिया। वस्तुनिष्ट प्रश्नों पर आधारित स्पर्धा में प्रथम दीपक एवं द्वितीय कल्याण पीजी महाविद्यालय भिलाई के प्रकाश व तृतीय श्रेया ताम्रकार शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय राजनांदगांव रहीं। विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र के साथ-साथ नगद राशि दिया जाएगा। उन्हें महाविद्यालय की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रवीण चंद्र तिवारी, प्राचार्य डीआर भावनानी एवं प्रतियोगिता के संयोजक विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान डॉ. प्रमोद यादव ने बधाई दी।

■ संविधान की 70वीं वर्षगांठ पर हुआ आयोजन

नवभारत
रायपुर, शुक्रवार 6 मार्च 2020
www.navabharat.org

संविधान पर केंद्रित सामान्य ज्ञान स्पर्धा का आयोजन



सुराना महाविद्यालय में अन्तर्महाविद्यालयीन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

नवभारत रिपोर्टर। दुर्ग.
www.navbharat.org

सेठ आर.सी.एस. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय दुर्ग में संविधान विषय पर आधारित अन्तर्महाविद्यालयीन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया.

प्रतियोगिता वस्तुनिष्ठ प्रश्नों पर आधारित था. प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र के साथ-साथ नगद राशि क्रमशः 1500, 1000 एवं 500 रुपए दिया जायेगा. महाविद्यालय के प्राचार्य डी. आर. भावनानी ने समस्त प्रतिभागियों को आर्शीवचन एवं शुभकामनाएँ दी. वीक्षक के रूप में डॉ. आयशा अहमद, फरहा परवीन सिद्दकी, भावना यादव एवं डॉ. उमेश वैद्य उपस्थित थे. कार्यक्रम के संयोजक राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद यादव थे.

Scanned with CamScanner